**प्रेस विज्ञप्ति**
**आपदा प्रबंधन विभाग**
**06-08-2026**

# NRSC तथा ISRO, हैदराबाद के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आपदा प्रबंधन विभाग का किया दौरा

06 अगस्त, गुरुवार को राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (National Remote Sensing Centre–NRSC), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), हैदराबाद के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बिहार राज्य के दौरे के क्रम में आपदा प्रबंधन विभाग का भ्रमण किया। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. के.एच.वी. दुर्गा राव, उप निदेशक, रिमोट सेंसिंग एप्लिकेशंस एरिया (RSAA), एनआरएससी तथा डॉ. ए.वी. सुरेश बाबू, वैज्ञानिक-जी एवं अध्यक्ष, फ्लड मैपिंग एंड हैजर्ड असेसमेंट डिवीजन, एनआरएससी, हैदराबाद शामिल थे।

दौरे के दौरान दोनों वैज्ञानिकों ने आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्य में आपदा जोखिम न्यूनीकरण, रिमोट सेंसिंग एवं भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग, बाढ़ मानचित्रण, आपदा पूर्वानुमान, त्वरित क्षति आकलन तथा आपदा प्रबंधन क्षमता के सुदृढ़ीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया। प्रधान सचिव ने एनआरएससी, इसरो के दोनों प्रतिनिधियों को वर्ष 2024 की बाढ़ के दौरान आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा संचालित राहत, बचाव एवं प्रबंधन कार्यों पर आधारित विभागीय कॉफी टेबल बुक 'मीमांसा' की प्रति स्मृति-स्वरूप भेंट की।

इसके उपरांत विभाग के अपर सचिव श्री नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (SEOC) का निरीक्षण कराया। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल को राज्य में आपदा प्रबंधन हेतु स्थापित संचार व्यवस्था, आपदा निगरानी प्रणाली, आपातकालीन सूचना प्रबंधन, समन्वय तंत्र तथा विभिन्न तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने राज्य में विकसित आपदा प्रबंधन तंत्र की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए भविष्य में तकनीकी सहयोग एवं ज्ञान-साझेदारी की संभावनाओं पर भी चर्चा की।







Shot on OnePlus
By Aman's Oneplus